दिन– रविवार | दिनांक– 23 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा किये। कहा – तकनीकी क्षेत्र में भारत की प्रगति की दुनिया कर रही है सराहना।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त के रूप में बाईस हजार सात सौ करोड़ रूपये की राशि जारी करेंगे।

03. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दरभंगा में मखाना किसानों से किया संवाद। मखाना बोर्ड के गठन के लिए सुझाव भी लिए।

04. और, आईसीसी चैंपियंस ट्राफी में पाकिस्तान ने भारत को जीत के लिए दो सौ बयालीस रन का लक्ष्य दिया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। आकाशवाणी पर आज मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत के लोग नई प्रौद्योगिकी अपनाने में किसी से पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में दुनिया भारत की प्रगति की सराहना कर रही है।

———बाइट———

space और Science की तरह एक और क्षेत्र है, जिसमें भारत तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना रहा है – ये क्षेत्र है। AI यानि। rtificial Intelligence। हाल ही में, मैं। AI के एक बड़े सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पेरिस गया था। वहाँ दुनिया ने इस sector में भारत की प्रगति की खूब सराहना की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से अंतरिक्ष और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नई क्रांति आ रही है। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि राष्ट्र दिन प्रति दिन अंतरिक्ष विज्ञान में नई ऊंचाइयां छू रहा है।

———बाइट———

Launch vehicle का निर्माण हो, चंद्रयान की सफलता हो, मंगलयान हो, आदित्य L–1 या फिर एक ही rocket से, एक ही बार में, 104 satellites को space में भेजने का अभूतपूर्व mission हो – इसरो (ISRO) की सफलताओं का दायरा काफी बड़ा रहा है। बीते 10 वर्षों में ही करीब 460 satellites संनदबी की गई हैं और इसमें दूसरे देशों की भी बहुत सारी satellites शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाए जाने की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह नारी शक्ति को नमन करने का विशेष अवसर है। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि इस बार महिला दिवस पर वे एक ऐसी पहल करने जा रहे हैं जो हमारी नारी शक्ति को समर्पित होगी।

–––बाइट–––

इस बार महिला दिवस पर मैं एक ऐसी पहल करने जा रहा हूँ, जो हमारी नारी–शक्ति को समर्पित होगी। मैं अपनेsocial media account उनको देश की कुछ inspiring women को, एक दिन के लिए सौंपने जा रहा हूँ। 8 मार्च को, वो, अपने कार्य और अनुभवों को देशवासियों के साथ साझा करेंगी।

प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के रोमांच की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारे बहुत से खिलाड़ी खेलो इंडिया अभियान की देन हैं।

–––बाइट–––

राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी की भी मैं सराहना करता हूँ। हमारे बहुत से खिलाड़ी 'खेलो–इंडिया' अभियान की देन हैं। हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल, महाराष्ट्र के किरण मात्रे, तेजस शिरसे या आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी, सबने, देश को नई उम्मीदें दी हैं। उत्तर प्रदेश के श्रंअमसपद जीतवूमत सचिन यादव और हरियाणा की ि‍पही रनउचमत पूजा और कर्नाटका की swimmer धिनिधि देसिन्धु ने देशवासियों का दिल जीता।

प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए कहा कि आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे से परेशान है। उन्होंने कहा कि लोग अपने खान–पान की आदतों में कुछ बदलाव कर फिट रह सकते हैं।

–––बाइट–––

अधिक वजन या मोटापा कई तरह की परेशानियों को, बीमारियों को भी जन्म देता है। हम सब मिलकर छोटे–छोटे प्रयासों से इस चुनौती से निपट सकते हैं, जैसे एक तरीका मैंने सुझाया था, "खाने के तेल में दस पर्सेन्ट 10 प्रतिशत की कमी करना"। आप तय कर लीजिए कि हर महीने 10 प्रतिशत कम तेल उपयोग करेंगे।

श्री मोदी ने कहा कि वे दस लोगों को अपने भोजन में तेल में दस प्रतिशत की कटौती करने की चुनौती देंगे। उन्होंने कहा कि वे उन लोगों से आग्रह करेंगे कि वे दस और लोगों को यही चुनौती दें। प्रधानमंत्री ने बोर्ड की परीक्षा में भाग ले रहे छात्रों को शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे बिना तनाव लिए सकारात्मक भावना के साथ अपनी परीक्षाएं दें।

–––बाइट–––

मैं अपने युवा–साथियों यानि Exam Warriors को उनकी परीक्षाओं के लिए बहुत–बहुत शुभकामनाएं देता हूं। आप बिना कोई stress लिए पूरी Positive Spirit के साथ अपने papers दीजिए।

श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम अब संस्थागत रूप लेता जा रहा है।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बिहार आ रहे हैं। श्री मोदी भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पीएम किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त की राशि जारी करेंगे। प्रधानमंत्री नौ करोड़ अस्सी लाख किसानों के खातों में करीब बाईस हजार सात सौ करोड़ रूपये की राशि अंतरित करेंगे। इस योजना के अंतर्गत किसानों को तीन समान किस्तों में वार्षिक छह हजार रुपये दिये जाते हैं। प्रधानमंत्री बिहार में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण भी करेंगे। श्री मोदी पांच सौ छब्बीस करोड़ रुपये की लागत से निर्मित वारिसलीगंज –नवादा–तिलैया दोहरीकृत रेल खंड का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही दस हजारवें एफपीओ का गठन और मोतिहारी में तैंतीस करोड़ अस्सी लाख रुपये के निवेश से पशुओं के स्वदेशी नस्लों के लिए क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र– सीओई का भी उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री एक सौ तेरह करोड़ सत्ताईस लाख रुपये के लागत से बरौनी में दुग्ध उत्पाद संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता सभा स्थल पर तैयारियों में लगे हुए हैं। श्री जायसवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री की सभा ऐतिहासिक और भव्य होगी।

———बाइट———

---

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बिहार के मखाना किसानों को हर तरह की सहायता दी जाएगी। दरभंगा के राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र में किसानों से संवाद करते हुए श्री चौहान ने कहा कि वे मखाना किसानों के लिए उत्पादन बढ़ाने के साथ ही चार विशेष कार्य करेंगे।

———बाइट———

इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ने दरभंगा में तालाब में जाकर मखाना निकालने की प्रक्रिया देखने के साथ ही उसमें भाग लिया। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–आईसीएआर के वैज्ञानिकों को कांटारहित मखाना बीज के विकास पर कार्य करने के निर्देश दिये।

———बाइट———

---

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने के अनुरूप बेगूसराय समेत राज्य के विभिन्न भागों में कपड़ा उद्योग को सुदृढ़ बनाया जा

रहा है। श्री सिंह ने बेगूसराय में कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में समर्थ योजना का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह योजना टेक्सटाईल उद्योग से जुड़े लोगों को ताकत देगी।

———बाइट———

---

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि जमालपुर रेल इंजन कारखाना को विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। श्री सिंह ने मुंगेर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि संसद के बजट सत्र के बाद रेल मंत्री स्वयं जमालपुर आयेंगे और रेल कारखाने का निरीक्षण कर विकास कार्यों की घोषणा करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आम बजट बिहार के लिए किए गए घोषणाओं और प्रावधानों से राज्य की प्रगति का मार्ग पूरी तरह से खुल गया है।

---

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में आज भारत का मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से हो रहा है। यह मैच दुबई में खेला जा रहा है। पाकिस्तान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए उनचास दमशमलव चार ओवर में दो सौ इकतालीस रन बनाए। भारत के सामने जीत के लिए दो सौ बयालीस रनों का लक्ष्य है। ताजा जानकारी के अनुसार भारत ने एक विकेट के नुकसान पर चौंसठ रन बना लिये हैं। इस समय भारत की पारी का ग्यारवां ओवर जारी है।

---

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज राज्य के दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गयी है। भागलपुर में सबसे अधिक तेरह दशमलव तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल और अररिया समेत राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तेज गति से हवा चलने की संभावना है।

———बाइट———

---

इधर, बांका जिले के हरचंडी गांव में आज वज्रपात के दौरान खेत में काम कर रही एक बुर्जुग महिला की मौत हो गयी।

---

जमुई जिले के चरका पत्थर थाना क्षेत्र अंतर्गत कहुआ जंगल से पुलिस ने कुख्यात नक्सली जयराम तुरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मदन कुमार आनंद ने बताया कि जमुई पुलिस और एसएसबी की संयुक्त छापेमारी के दौरान यह सफलता मिली है। पकड़े गए नक्सली पर खैरा थाना के परासी पुलिस कैंप भवन को विस्फोट कर उड़ाने समेत कई जघन्य मामले दर्ज हैं।

---

दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल आज अपना सौवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर आयोजित समारोह का उद्घाटन पद्म भूषण लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. बी. एन. शाही ने किया।

---

अररिया जिले के सिकटी और मदनपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में नेपाली शराब और प्रतिबंधित कोडिनयुक्त सिरप के साथ बारह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

सीतामढ़ी के जिलाधिकारी के निर्देश पर बेलसंड प्रखंड के डुमरा–नुनौरा और जाफरपुर पंचायत के आवास सहायकों के खिलाफ अनियमितता के मामले में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

---

बेगूसराय के बलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लखमिनिया स्टेशन चौक के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने दो देशी पिस्तौल के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा किये। कहा – तकनीकी क्षेत्र में भारत की प्रगति की दुनिया कर रही है सराहना।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की उन्नीसवीं किस्त के रूप में बाईस हजार सात सौ करोड़ रूपये की राशि जारी करेंगे।

03. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दरभंगा में मखाना किसानों से किया संवाद। मखाना बोर्ड के गठन के लिए सुझाव भी लिए।

04. और, आईसीसी चैंपियंस ट्राफी में पाकिस्तान ने भारत को जीत के लिए दो सौ बयालीस रन का लक्ष्य दिया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।